|| ॐ साईं राम ||



There was no bodily pride in him. He had great love for his disciples. Always, this was his nature. Such was Sai!


- Year- 17 Issue- 49
  Ghaziabad, Sunday,
  03 May- 2026
- 03 May to
  09 May- 2026
- Page: 8

- RNI.No: UPBIL/2009/28691/UPBIL03709
- DAVP Code: 101473
- Editor: Manisha Bhargava
- Mob.: 9871895198
- Rate.: 2 Rupess

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

www.tbcgzb.in
Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
Email: editor@tbam.co.in


## सुपोषित गाजियाबाद: रोटरी और जिला प्रशासन की अनूठी पहल

# सीएसआर सहयोग से 6 माह में अति कुपोषित बच्चों को बनाया जाएगा सुपोषित

## सही पोषण एक स्वस्थ समाज की नींव है: डीजी डॉ. अमिता मोहिन्द्रु

















**प्रतीक भार्गव**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ की प्रेरणा से जनपद में अति कुपोषित बच्चों को 'आहार से उपचार' अभियान के माध्यम से सुपोषित बनाने की अभिनव पहल 'सुपोषित गाजियाबाद-एक पहल' का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 50 अति कुपोषित बच्चों को 'संवर्धन-मिलेट पोषण किट' का वितरण किया। यह कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट रोटरी 3012, सीएसआर पार्टनर ईएमयू लाइन्स प्राइवेट लिमिटेड, रहम फाउंडेशन गाजियाबाद एवं आईसीडीएस विभाग के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य कुपोषण के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, बच्चों को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराना तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने लाभार्थी अभिभावकों को किट के उपयोग एवं उसके प्रभावी परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

'संवर्धन-मिलेट पोषण किट' में 8 प्रकार के रेडी-टू-ईट उत्पाद शामिल हैं, जो किसानों के ऑर्गेनिक एवं प्राकृतिक उत्पादों से तैयार किए गए हैं। इस किट की अवधारणा जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ द्वारा पूर्व में जनपद रामपुर में विकसित की गई थी, जिसे आज 'रामपुर मॉडल' के नाम से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। इस किट के नियमित 6 माह उपयोग से 93% से 95% तक स्वास्थ्य सुधार देखा गया है।

'आहार से उपचार' फाउंडेशन के माध्यम से अब तक 3.5 लाख से अधिक अति कुपोषित बच्चों, एनीमिक बालिकाओं एवं गर्भवती/धात्री महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री पुरस्कार-2022 से सम्मानित किया जा चुका है। रहम फाउंडेशन द्वारा इस अवसर पर अपने सहयोगी ईएमयू लाइन्स के सम्मानित सदस्य डॉ. अमिता मोहिन्द्रु एवं कैप्टन डॉ. अनिल मोहिन्द्रु की वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कुपोषित बच्चों को किट वितरित कर उनके शीघ्र सुपोषित होने की कामना की गई। यह कार्यक्रम आगामी 6 माह तक प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. अमिता मोहिन्द्रु ने कहा 'सही पोषण एक स्वस्थ समाज की नींव है। 'सुपोषित गाजियाबाद' पहल जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस विशेष अवसर को सेवा और समाज कल्याण से जोड़ना हमारे लिए गर्व की बात है।'

कार्यक्रम में श्रीमती शशि वार्ष्णेय (डीपीओ), डॉ. धीरज कुमार भार्गव (फाउंडर एवं चेयरमैन), रोटेरियन गौरव भार्गव, आशा वालिया, राम ग्रोवर, नरेश कुमार ढींगरा, संदीप मिगलानी, अमित बंसल, मनीषा भार्गव, प्रतीक भार्गव, संदीप इंदौरिया, संदीप अग्रवाल, राजेश गोयल, अजय चौधरी एवं आहार से उपचार फाउंडेशन के डायरेक्टर अमित वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# Editorial

## What is Trump's 'Storm'?

President Trump remains bellicose. Even after reducing Iran to a 'graveyard-like' state, his heart has not softened. He has once again threatened the arrival of a 'storm,' claiming that no one will be able to stop it. Could Trump now go so far as to launch a nuclear strike on Iran? The head of the International Atomic Energy Agency (IAEA) has expressed concern regarding the nuclear situation in Iran and has also voiced apprehensions about the potential misuse of Iran's nuclear program. However, we do not consider the possibility of a nuclear incident likely, as Russian President Putin has already warned President Trump—during a conversation lasting nearly 90 minutes—that the consequences of any further attack would be dire and grave. China has issued similar statements, and a visit by Trump to China is scheduled for this very month. Since February 28, devastating attacks have been launched against Iran—punctuated by intermittent 'dramas' of ceasefires—and the movement of oil, gas, fertilizers, and other commodities has been disrupted to such an extent that signs of a global 'Great Depression' are beginning to emerge. The International Monetary Fund (IMF) has also warned of the looming specter of a depression, as indicators suggest that the global economic growth rate is poised to fall below 2 percent. If the global energy crisis, supply chain disruptions, and food shortages persist in this manner, conditions conducive to widespread famine could become a grim reality. International trade, too, could grind to a halt. According to a report from the U.S. Pentagon itself, $25 billion has already been spent on the war with Iran. This figure could potentially be even higher. The Pentagon has requested an additional budget of $1.5 trillion from Congress; however, the U.S. Congress is questioning President Trump: if Iran's nuclear and uranium enrichment programs were completely dismantled during the attacks of 2025, then why is this war being waged now? Why is the President speaking anew about that very same nuclear program? Is Iran's uranium enrichment program still ongoing today? Why are troops and warships currently deployed in the Middle East? Can the U.S. Congress compel President Trump to order the withdrawal of troops? The $25 billion spent on the war is equivalent to NASA's entire budget—a sum that Trump's feudalistic mindset has squandered away. Within the Cabinet, Vice President Pence has been opposed to the war from the very beginning; however, his conflict with War Secretary Hegseth has now escalated.


**Manisha Bhargava**

# Punjab Kings completes transformation of Government High School at Ranimajra under the PBKS Model School Project

### It becomes the first school to be renovated under the PBKS Model School Project in collaboration with Yuva Unstoppable

**Prateek Bhargava**

**New Chandigarh.** Punjab Kings marked a landmark moment in its ongoing commitment to community development with the renovation of the Government High School, Ranimajra Village in New Chandigarh on Wednesday. The school is the first to be fully transformed under the PBKS Model School Project. The inauguration ceremony was held at the school premises and attended by Mr. Mohit Burman, Co-Owner of Punjab Kings, and Mr. L. C. Gupta, Chief Financial Officer of Punjab Kings, along with Punjab Kings officials, representatives of implementation partner Yuva Unstoppable, teachers and students of the school, and members of the Village Panchayat.






The transformation spans every corner of the school. Extensive civil repair works were carried out, including complete internal and external painting, tiling, and waterproofing to address leakage issues. A new boys' toilet block was constructed, while existing girls' and teachers' toilets were renovated alongside an inclusive toilet facility for children with special needs. The mid-day meal kitchen, student dining area, and a newly installed kitchen garden rounded out the welfare-focused upgrades.

On the academic side, the school now has a science lab, maths lab, and a listening lab, all fully equipped, as well as smart classrooms with interactive display panels and renovated indoor and outdoor sports facilities, including a badminton court and a dedicated sports centre space.

Speaking at the inauguration, Mr. Mohit Burman, Co-Owner of Punjab Kings, said, "When we started the PBKS Model School Project, the vision was to give children in our communities a school they are proud to walk into every day. What has been achieved at Ranimajra is a reflection of that commitment. This is just the beginning and completing our first Model School is a moment of great pride for everyone involved. We are truly grateful to Yuva Unstoppable and the local community for their support in making this a reality."

The PBKS Model School Project reflects Punjab Kings' long-term vision of contributing meaningfully to grassroots development beyond the cricket field. The transformation of the Government High School is a significant step in the franchise's ongoing efforts to support education, youth development, and community upliftment across Punjab.

# India name squad for Women's T20 WC 2026; Harmanpreet to lead maiden title bid

**Mumbai.** India on Saturday announced their squad for the ICC Women's T20 World Cup 2026, with Harmanpreet Kaur set to lead the side as they aim for their maiden title in the shortest format of the game.

Coming on the back of their recent ICC Women's Cricket World Cup triumph, India will enter the tournament with renewed confidence as they look to complete a rare white-ball double.

The squad retains a strong core of experienced campaigners, with Smriti Mandhana, Shafali Verma, Jemimah Rodrigues and Richa Ghosh forming the key batting unit.

All-round responsibilities will largely rest on Deepti Sharma, while the pace attack will be spearheaded by Renuka Singh. The spin department features the likes of Radha Yadav and Shreyanka Patil, offering variety and depth.

India squad: Harmanpreet Kaur (captain), Smriti Mandhana, Shafali Verma,



Jemimah Rodrigues, Bharti Fulmali, Deepti Sharma, Richa Ghosh, Shree Charani, Yastika Bhatia, Nandani Sharma, Arundhati Reddy, Renuka Singh, Kranti Gaud, Shreyanka Patil, Radha Yadav.

The team will open their campaign on June 14 against Pakistan in a high-profile clash. India are placed in Group A alongside Australia, Bangladesh, Netherlands and South Africa.

The ICC Women's T20 World Cup 2026 will begin on June 12, with India eyeing their first-ever title in the tournament's history.

# Norris on Miami Grand Prix sprint pole as McLaren return to form

**Miami (Florida).** McLaren's Lando Norris became the first driver to beat a Mercedes in qualifying this year with sprint pole at the Miami Grand Prix.

The world champion beat Kimi Antonelli by 0.222 seconds with the second McLaren of Oscar Piastri third fastest. Ferrari's Charles Leclerc was fourth, ahead of Red Bull's Max Verstappen and Mercedes' George Russell. Lewis Hamilton was seventh in the second Ferrari, ahead of Argentine Franco Colapinto in the Alpine.

McLaren brought a major upgrade package to this race - along with most other teams, but



not Mercedes. McLaren did the same thing in Miami in 2024 and it turned Norris' season around. Saturday's sprint is at 17:00 BST with qualifying for Sunday's grand prix at 21:00, according to BBC sport.

Miami is the first Formula 1 race for five weeks because of the cancellations of the Bahrain and Saudi Arabian Grands Prix. It is also the first race since the rule changes to the complicated engine-management regulations. Briton Norris said: "Was great. Perfect result for us. Nice way to reward the team. We have a lot of new upgrades, nice to feel some grip again and nice reward for the guys and girls. "Every track's different. This track has always been good for us, but we knew that what we were bringing was going to give us a good step, and it has. Since the first lap I felt comfortable, and I was like: 'oh, I've got a bit of rear grip'. It was nice. "The lap was good, apart from one corner, 16 on to the back straight, completely missed it. I'm just happy to be back here."

# जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

## 206 शिकायतें प्राप्त, मौके पर 15 का निस्तारण








**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शासनादेश के मद्देनजर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार हो सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है जिसके क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सदर तहसीलः मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 07 शिकायतों का निरस्तारण किया गया।

इस दौरान एडीएम सिटी विकास कश्यप, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, तहसीलदार सदर सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्याइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम लोनी दीपक सिंघनवाल की अध्यक्षता की अध्यक्षता में लोनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसडीएम मोदीनगर अजित कुमार की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 93 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस प्रकार जनपद की तीनों तहसीलों में 206 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 15 शिकायतों का निस्तारण हुआ।

# विजयनगर थाने के निर्माण कार्य का डीसीपी ने लिया जायजा, गुणवत्ता और समयबद्धता पर सख्त निर्देश




**गाजियाबाद (टीबीसी)।** पुलिस विभाग की आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में चल रहे प्रयासों के तहत पुलिस उपायुक्त नगर/ ट्रांस हिण्डन/ मुख्यालय धवल जायसवाल ने थाना विजयनगर में निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और तय समयसीमा में निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। डीसीपी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को चेताया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्माण कार्य में मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बेहतर सुविधाओं से लैस थाना भवन से पुलिस कार्यप्रणाली में सुधार होगा और आम जनता को भी बेहतर सेवाएं मिलेंगी। पुलिस विभाग द्वारा निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो सके।

# शादी-बैंक्वेट बने ट्रैफिक जाम का कारण तो होगी सख्त कार्रवाई

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** शहर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस लाइन्स स्थित परमजीत हॉल में बैंक्वेट हॉल व होटल संचालकों के साथ एक अहम गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था/यातायात) ने की। गोष्ठी में यातायात विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित करीब 90 बैंक्वेट हॉल और होटल प्रबंधकों ने भाग लिया। इस दौरान विवाह समारोह व बड़े आयोजनों के चलते होने वाले ट्रैफिक जाम को रोकने के लिए ठोस रणनीति पर चर्चा की गई। पुलिस ने निर्देश दिए कि किसी भी बड़े आयोजन की सूचना कम से कम दो दिन पहले देना अनिवार्य होगा। साथ ही आयोजनों के दौरान निजी मार्शल तैनात करने, पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था करने और सड़कों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण न करने को कहा गया। सीसीटीवी कैमरों को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए गए। सभी कैमरे चालू हालत में हों, उनका एंगल सही हो और उनमें सही समय व तारीख दर्ज हो, यह सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा सड़कों पर घुड़चढ़ी जैसे आयोजनों पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि आम जनता को जाम और असुविधा से बचाया जा सके। पुलिस अधिकारियों ने साफ किया कि यदि नियमों का उल्लंघन हुआ तो संबंधित संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी से जनहित में सहयोग करने की अपील की गई, जिससे शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।





ADMISSION OPEN
2026-27
CLASSES NUR TO IX & XI

Ranked 5th in Ghaziabad in Dainik Jagran School Rankings 2025

Awarded as Best School for Co-curricular Education by Education Today.

100% Off on ADMISSION FEES
for Classes NUR TO I

- 100% CBSE Board Results
- Transport Facility Available

P-BLOCK, SEC-12
PRATAP VIHAR,GHAZIABAD

www.nrpschool.com
nrpschool@gmail.com
facebook.com/nrpschool
9560173519

# एचएसबीसी रग्बी प्रीमियर लीग ड्राफ्ट और ऑक्शन में फ्रेंचाइज़ियों ने अपनी टीमों को अंतिम रूप दिया, महिला फ्रेंचाइज़ियों ने ऐतिहासिक शुरूआत की

## हैदराबाद हीरोज ने भारतीय पुरुष खिलाड़ियों में सुमित कुमार रॉय को 3.75 लाख में चुना, जबकि महिला ऑक्शन में दिल्ली रेड्ज ने शिखा यादव को 2.4 लाख में खरीदा













**प्रतीक भार्गव**

**हैदराबाद।** 2025 में सफल उद्घाटन सत्र के बाद मिली शानदार गति को आगे बढ़ाते हुए, जीएमआर स्पोर्ट्स ने रग्बी इंडिया के साथ मिलकर आज हैदराबाद में सीजन 2 प्लेयर ऑक्शन और ड्राफ्ट सफलतापूर्वक संपन्न किया। सभी फ्रेंचाइज़ियों ने आगामी एचएसबीसी रग्बी प्रीमियर लीग सीजन के लिए मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीमों का गठन कर लिया है। भारतीय रग्बी के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण के रूप में, महिला फ्रेंचाइज़ियों ने भी पहली बार ऑक्शन और ड्राफ्ट में भाग लिया, जिसमें चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स, कोलकाता बंगा टाइगर्स और दिल्ली रेड्ज ने अपनी उद्घाटन टीमों का निर्माण किया।

पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताएँ 16 जून से 28 जून 2026 तक गाचीबौली स्टेडियम, हैदराबाद में आयोजित की जाएंगी। ऑक्शन और ड्राफ्ट लीग के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिसमें छह पुरुष और चार महिला फ्रेंचाइज़ियों ने अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और उभरती भारतीय प्रतिभाओं के संतुलित संयोजन के साथ अपनी रणनीतिक टीमों का चयन किया। पुरुष वर्ग में पश्चिम बंगाल के सुमित कुमार रॉय 3.75 लाख में हैदराबाद हीरोज के साथ सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने। उनके बाद मोहित खत्री 3.5 लाख में चेन्नई बुल्स के साथ रहे, जबकि दीपक कुमार पुनिया और प्रशांत अरविंद प्रताप सिंह को क्रमशः दिल्ली रेड्ज और कोलकाता बंगा टाइगर्स ने 2.75 लाख में चुना। महिला ऑक्शन में दिल्ली की शिखा यादव 2.4 लाख में दिल्ली रेड्ज के साथ सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं। उनके बाद भूमिका शुक्ला 2.2 लाख में मुंबई ड्रीमर्स के साथ रहीं, जबकि निर्मल्या राउत और अमनदीप कौर को क्रमशः कोलकाता बंगा टाइगर्स और चेन्नई बुल्स ने 1.6 लाख में चुना।

ऑक्शन और ड्राफ्ट के बाद रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा 'यह एक बेहद रोमांचक ऑक्शन और ड्राफ्ट था। सभी टीमें अपनी रणनीतियों के साथ बेहद तैयार होकर आई थीं। यह एचएसबीसी आरपीएल को बेहद प्रतिस्पर्धी बनाएगा। 2025 में हमने पुरुष रग्बी लीग के साथ इतिहास रचा था। हमें बेहद खुशी है कि 2026 में अब महिला लीग भी इसका हिस्सा होगी। महिला ७२ रग्बी बेहद शारीरिक, जोशीली और कौशलपूर्ण होती है। भारत अब देश की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ियों को दुनिया की बेहतरीन प्रतिभाओं के साथ खेलते हुए देखेगा। सीट बेल्ट बांध लीजिए।'

जीएमआर स्पोर्ट्स के सीएमओ सुजॉय गांगुली ने कहा 'महिला लीग की शुरूआत एचएसबीसी रग्बी प्रीमियर लीग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। आज का ड्राफ्ट यह दर्शाता है कि फ्रेंचाइज़ियां और जीएमआर स्पोर्ट्स महिला टीमों के निर्माण और उनमें निवेश के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, जो भारतीय रग्बी में दीर्घकालिक विकास और खिलाड़ियों के लिए सार्थक अवसर तैयार करने में अहम भूमिका निभाएगा।' अब जब टीमें अंतिम रूप ले चुकी हैं, सभी फ्रेंचाइज़ियां प्री-सीजन तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करेंगी, क्योंकि एचएसबीसी रग्बी प्रीमियर लीग देश के प्रमुख रग्बी मंचों में अपनी मजबूत पहचान बनाती जा रही है।

# जिला संयुक्त चिकित्सालय में हुआ श्रमिक मेघा हेल्थ कैंप का आयोजन





**टीबीसी संवाददाता**

**नोएडा।** जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर 39 में श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिक मेघा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार डॉ महेश शर्मा एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय राणा द्वारा फीता काटकर किया गया। बतादे की श्रमिक दिवस के अवसर पर सेक्टर 39 नोएडा के जिला संयुक्त चिकित्सालय समेत जिले भर में 201 स्थानों पर भव्य 'श्रमिक मेघा हेल्थ कैंप' का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस शिविर में 39,848 से अधिक श्रमिकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श और दवाओं का लाभ उठाया। इस मेगा कैंप में 137 सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ 74 निजी अस्पतालों ने भी भागीदारी की। श्रमिक मेघा हेल्थ कैंप का उदेश्य श्रमिकों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण व निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना रहा। उद्घाटन के समय चिकित्सालय के समस्त चिकित्सा अधिकारीगण नर्सिंग स्टाफ कर्मचारी एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद डॉ महेश शर्मा, एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. अजय राणा द्वारा हाउस कीपिंग स्टाफ को उपहार वितरित किये गए।

# सुरक्षा में लापरवाही नहीं चलेगी: गाजियाबाद में हाईराइज भवनों में चला अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल अभियान



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा जनपद में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से एक सप्ताह के विशेष अभियान की शुरूआत की गई।

इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न हाईराइज, आवासीय, व्यावसायिक एवं औद्योगिक भवनों में मॉक ड्रिल का आयोजन कर लोगों को आपात स्थितियों से निपटने के लिए जागरूक किया जा रहा है।



मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में अधिकारियों की टीमों ने क्रॉसिंग रिपब्लिक, इंदिरापुरम, साहिबाबाद, मोदीनगर और मुरादनगर क्षेत्रों के प्रमुख भवनों में पहुंचकर मॉक ड्रिल कराई। इसमें दिव्यांश फेबियो सोसाइटी, सुपरटेक लिविंगस्टन, पंचशील स्क्वायर, आरआरटीएस रेलवे स्टेशन, पार्श्वनाथ रेगलिया, अम्रपाली विलेज समेत कई स्थान शामिल रहे। मॉक ड्रिल के दौरान फायर टेंडर्स के साथ निकास मार्गों की जांच की गई और अग्निशमन उपकरणों का परीक्षण किया गया। मौके पर मौजूद लोगों को उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण देते हुए आग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। निरीक्षण में जिन भवनों में अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियां पाई गईं, उन्हें दूर करने के लिए संबंधित प्रबंधन को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। साथ ही भवनों में विद्युत सुरक्षा का ऑडिट कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। अधिकारियों ने भवन स्वामियों को निर्देशित किया कि अग्निशमन प्रणाली को हमेशा ऑटोमोड पर कार्यशील रखें और सभी निकास मार्गों को अवरोध मुक्त बनाए रखें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य में कोई बाधा न आए।

यह अभियान शहर में सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 62 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

## गाजियाबाद के 14 जोड़े, बुलन्दशहर के 24 जोड़े एवं हापुड़ के 24 जोड़े

- हिन्दू कन्याओं की शादी पंडित तथा मुस्लिम कन्याओं की शादी काजी द्वारा पूर्ण विधि विधान से कराई सम्पन्न





**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद। उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की पुत्रियों की शादी "सामूहिक विवाह" कार्यक्रम में स्थान-रामलील ग्राउन्ड कविनगर गाजियाबाद में सकुशल सम्पन्न कराई गई। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद गाजियाबाद के 14 जोड़े, बुलन्दशहर के 24 जोड़े एवं हापुड़ के 24 जोड़े कुल 62 जोड़े उपस्थिति हुए। सामूहिक विवाह में 27 जोड़े हिन्दू तथा 35 मुस्लिम जोड़े उपस्थित हुए। कार्यक्रम में वर-वधू के लिये फलो की टोकरी एवं लड्डू की टोकरी तथा वर-वधू के पक्ष के सभी उपस्थित व्यक्तियों के लिये नाश्ते व भोजन की उचित व्यवस्था तथा संस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था श्रम विभाग द्वारा करायी गयी। हिन्दू कन्याओं की शादी पंडित द्वारा तथा मुश्लिम कन्याओं की शादी काजी द्वारा पूर्ण विधि विधान से सम्पन्न करायी गयी। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेन्द्र कश्यप जी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद, अनुराग मिश्र, उप श्रमायुक्त, गाजियाबाद, कृष्ण अवतार, सहायक श्रमायुक्त गाजियाबाद एवं गाजियबाद क्षेत्र के श्रम प्रवर्तन अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी अतिथियो द्वारा वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ मंच पर उपस्थित गणमान व्यक्तियो द्वारा दीप प्रज्वलित से किया गया। उक्त के उपरान्त उप श्रमायुक्त अनुराग मिश्रा द्वारा उपस्थित अतिथियो का स्वागत करते हुये अपने उदबोधन में सामूहिक विवाह आयोजन की उपयोगिता उसके सामाजिक उद्देश्य तथा श्रम विभाग द्वारा श्रमिको के लिये चलायी जा रही अन्य योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि मा० नरेन्द्र कश्यप जी, ने श्रम विभाग द्वारा श्रमिको के कल्याण हेतु चलायी जा रही विभिन्न हितकारी योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी गयी है साथ ही सामूहिक विवाह योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा की सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 1 लाख रुपए मिलते हैं जिसमें से 15 हजार रुपए कार्यक्रम के आयोजन में खर्च होते हैं और शेष कुल 85000 / रू० प्रति लाभार्थी दिये जाते हैं, जो श्रमिक के सीधे खाते में ट्रान्सफर किया जाता है। श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही इस योजना से श्रमिकों के चेहरे खिले हुए हैं।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने किया भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन

## पदाधिकारियों का किया गया सम्मान, राष्ट्रीय एवं प्रदेशाध्यक्ष ने लिया कार्यक्रम में हिस्सा









**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** रविवार को भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा जेकेजी स्कूल डी-ब्लॉक नंदग्राम में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जनमोत्सव समारोह का अखिल भारतवर्षीय ब्राहम्ण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. गोपाल दत शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री पं. सुनील शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पं. डी. के. शर्मा ने की तथा संचालन पं. जयनन्द शर्मा द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में महानगर एवं जनपद की समस्त इकाइयों ने प्रतिभाग किया। स्थानीय इकाई नंदग्राम के अध्यक्ष पं. मदन शर्मा एवं उनकी टीम की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम आयोजन समिति की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पं. जे. के. गौड़ ने कहा कि भगवान परशुराम केवल एक जाति के नहीं, बल्कि समस्त हिन्दू समाज के भगवान है, और उनका जन्मोत्सव पूरे भारत में 17 मई तक मनाया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. गोपाल दत्त शर्मा ने कहा कि यह सभा पूरे भारत में ब्राह्मण समाज के हित में एकजुट होकर कार्य कर रही है, जिसका परिणाम है कि देशभर में परशुराम जन्मोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मुख्य अतिथि पं. सुनील शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म की पताका को आगे बढ़ाने में सभा की अग्रणी भूमिका रही है। भगवान परशुराम अजर-अमर हैं और जब भी ब्राह्मण समाज उनका आवाहन करेगा, वे अवश्य आशीर्वाद देने आयेंगे। पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने ब्राह्मण सभा के कार्यों की सराहना की।

पूर्व विधायक पं. सुरेन्द्र कुमार मुन्नी ने कहा कि हम सभी एकजुट होकर समाज की सेवा कर रहे हैं। महानगर अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पं. जे. के. गौड़, आशुतोष शर्मा, पं. जयनन्द शर्मा, पं हरिओम शर्मा, पं जे. पी. शर्मा, पं. सुभाष शर्मा, पं. विजय गौड, पं. सतीश कुमार शर्मा, पं. संजीव शर्मा, राजू पंडित, पं. भवन शर्मा, पं. संदीप शर्मा, पं. रविन्द्र नाथ पाण्डेय, पं. हरीश शर्मा, पं. आर. के. शर्मा, पं. शशि कान्त भारद्वाज, पं. संदीप शर्मा (नंदग्राम), पं. आदेश शर्मा, पं. डी. पी. कौशिक, पं.कमल किशोर गौड़, अमित भारद्वाज, गौरव शर्मा एवं विजय भारद्वाज, पूर्व विधायक के के शर्मा समेत अनेक पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कभी मां बाप को तुम बेसहारा छोड़ मत देना.....

## अट्टहास कवि सम्मेलन में खूब लगे ठहाके, रातभर आनंद लेते रहे श्रोता






**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कवि नगर रामलीला मैदान में कवि नगर रेजिडेंट फेडरेशन द्वारा गत वर्षो की बात इस वर्ष भी अट्टहास कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री पी एन अरोड़ा सी एम डी यशोदा हॉस्पिटल,दीप प्रज्वलन डॉ के पी गुप्ता अध्यक्ष के पी जी ग्रुप,डॉ राम अवतार जिंदल वरिष्ठ समाज सेवी अध्यक्षता श्री संजीव गुप्ता ने की।समारोह गौरव के रूप में केबिनेट मंत्री श्री सुनील शर्मा,उपस्थित थे। मंत्री सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर दिया सम्मान किया उन्होंने इस अवसर पर कहा कि 44 साल पुराना अट्टाहास कवि सम्मेलन लगातार हो रहा और इतनी अधिक संख्या में उपस्थित श्रोता इस बात का प्रतीक है कि यह कार्यक्रम लगातार सफलता की ऊंचाइयां छू रहा है।यह इसकी उपलब्धि है उन्होंने पूरी समिति को तहेदिल से धन्यवाद दिया। अतिथियों का स्वागत दिनेश गोयल अजय जैन लाल चंद शर्मा ललित जयसवाल स्वागताध्यक्ष रामावतार जिंदल समेत कार्यकारिणी व मनोनीत सदस्य और पदाधिकारियों ने माला, पटका पहनाकर एवं चिन्ह देकर किया। अट्टाहास के अवसर पर कविनगर रेज़िडेंटस फेडरेशन द्वारा एक जन जागृति पत्रिका भी निकाली जाती है पत्रिका के प्रधान संपादक अजय जैन ने अपनी पूरी टीम के साथ पत्रिका का विमोचन भी कराया जिसकी सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की। आमंत्रित कवियों ने सभी श्रोताओं को अपनी कविताओं से मंत्रमुग्ध कर दिया और श्रोताओं ने खड़े होकर के कवि और कवयित्रियों के सम्मान में अनेकों बार तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।कविताएँ कुछ इस प्रकार की थी।

प्रेम में पाना चाहते हो तो प्रेम में खोना भी सीखो
निश्छल और निःस्वार्थ भाव से किसी के होना भी सीखो
त्याग समर्पण के इस बन्धन को है पावन करना गर
अपनी आँखों में दूजे के स्वप्न संजोना भी सीखो
माधुरी मुस्कान शर्मा

वफा ईमान की बातें किताबों में ही मिलती हैं,
भरोसा रोज मिलता है भरोसा रोज डसता है।
जमीं वो अन्न पैदा कर वफा जो खून में बोले,
भगत सिंह जैसे बेटों को वतन अब भी तरसता है।।
प्रताप फौजदार।

अजब हैं मायने इस दौर की गूंगी तरक्की के
हंसी बेजान सी लब पर बदन टूटे थकानों में ।।
अंजु जैन

चेहरे पे हंसी व दिल में खुशी होती है
सही मायने में यही जिंदगी होती है
हंसना किसी इबादत से कम नहीं
किसी ओर को हंसा दो तो बंदगी होती है ।
अनिल अग्रवंशी

ये बोली ये युग बोला ये गाई तो जग ने गाया
इसने ही आजादी का परचम सीमा पर लहराया
पराधीनता की बेड़ी से करने को आजाद
कविता जिंदाबाद हमारी कविता जिंदाबाद
राव अजातशत्रु

नए की चाह में रिश्ते
पुराने तोड़ मत देना
तरक्की खूब करना पर
किसी को होड़ मत देना
बुढ़ापे में पड़े उनको
जरूरत जब सहारे की
कभी मां बाप को तुम बेसहारा छोड़ मत देना।
डॉ. कीर्ति काले

मुश्किलों से हमें जूझना आ गया
हारते हारते जीत ना आ गया '
पार होने को जी चाहता ही नहीं,
शुक्र है कि हमें डूबना आ गया ''
डॉ अनु सपन भोपाल

रूबरू तो देखा नहीं ईश्वर को मैंने कभी,
पर मेरा ये अटूट दावा है...
कि वो मेरे पिता से ज्यादा खूबसूरत नहीं हो सकता।
ईश्वर सत्य है तो पिता सत्य का प्रमाण है,
परमात्मा अगर चेतना है, तो पिता उसका प्रत्यक्ष प्राण है।
सुनील व्यास

भागीरथ बन मैं खुद लाया मेरे मन की गंगे को
उसकी आँखें मुझको तकती मेरी तकें तिरंगे को
मैं मरते दम तक भी अपना सच्चा फर्ज निभाऊंगा
मेरी मौत को मिले तिरंगा मर कर भी जी जाऊंगा
अशोक चारण जयपुर


मंच संचालन - डॉ प्रवीण शुक्ल ने किया। अट्टहास कवि सम्मेलन में सभी के बैठने के लिए लगभग 4000 कुर्सियॉ लगाई गईं पीछे वालों के लिए दो एलईडी लगवाई गई जिससे पीछे वालों ने पीछे से ही देख करके कवि सम्मेलन का आनंद लिया।इस अवसर पर चारों तरफ फॉगिंग व पानी का छिड़काव समुचित मात्रा में किया गया जिससे दर्शकों को कोई परेशानी नहीं हुई। दर्शकों के लिए पानी की निःशुल्क व्यवस्था की गई। अट्टाहास कवि सम्मेलन में हजारों की संख्या में श्रोताओं ने पहुंचकर कवि सम्मेलन का आनंद लिया।इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश गोयल,महामंत्री लालचंद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय जैन एवं संरक्षक ललित जायसवाल, सरदार पम्मी पार्षद,डी के जैन, अजय गुप्ता, हिमांशु मित्तल, जयदीप गुप्ता, वाई के जैन डी पी कौशिक, पवन गुप्ता आदि ने विशेष सहयोग दिया।

## हरा चारा वितरण का 35वां सेवा प्रोजेक्ट संपन्न

# रहम फाउंडेशन एवं रोटरी क्लबों ने मिलकर गौवंशों को खिलाया हरा चारा

**मनीषा भार्गव**




**गाजियाबाद।** गौसेवा और पशु संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रहम फाउंडेशन एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में भारत गौशाला में हरा चारा वितरण का 35वां सेवा प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।इस सेवा कार्यक्रम में 12 रोटरी क्लबों ने मिलकर गौमाता और बैलों के लिए हरे चारे का वितरण किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन द्वारा किया गया।इस अवसर पर कई रोटरी क्लबों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिनमें रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफरन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार तथा रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम शामिल रहे।

इस सेवा प्रोजेक्ट के माध्यम से गौशाला में रह रही गौमाताओं और बैलों के लिए हरे चारे की व्यवस्था की गई। आयोजकों का कहना है कि इस तरह के कार्यक्रम पशु सेवा के साथ-साथ समाज में करुणा, सह-अस्तित्व और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश भी फैलाते हैं।कार्यक्रम में श्वेता अग्रवाल (रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन), संदीप अग्रवाल (अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन) तथा प्रतीक भार्गव (आगामी अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# भारत मंडपम में बना रिकॉर्ड, 3,000 लोगों ने एक साथ संगीत प्रस्तुति कर रचा इतिहास

डॉ धीरज कुमार भार्गव









**नई दिल्ली।** राजधानी में संगीत और उत्सव से भरी एक ऐतिहासिक शाम तब देखने को मिली जब भारत मंडपम में 3,000 से अधिक लोगों ने एक साथ सामूहिक संगीत प्रस्तुति देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस भव्य आयोजन का संचालन ब्रांड स्पॉटिफाई बाय रोहन शर्मा द्वारा किया गया, जिसने दिल्ली के सजीव मनोरंजन जगत में एक नई मिसाल कायम की।

कार्यक्रम के दौरान पूरा सभागार संगीत और उत्साह से गूंज उठा। दर्शकों ने इंडिया म्यूजिक कलेक्टिव की मनमोहक प्रस्तुतियों पर एक साथ गाते और झूमते हुए माहौल को अत्यंत यादगार बना दिया। कलाकारों की ऊजार्वान प्रस्तुति और मधुर गीतों ने इस शाम को अविस्मरणीय बना दिया, जिससे यह आयोजन भारत मंडपम में आयोजित सबसे शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हो गया।

इस भव्य आयोजन में कई विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे। इनमें बॉलीवुड अभिनेता राहुल राय, संदीप मारवा, दिल्ली भारतीय जनता पार्टी की उपमहापौर प्रत्याशी मनीका पंत, तरूण पौद्दार, फैशन प्रभावक एवं कैलाश सिल्वर लीव्स के संस्थापक संजय मित्तल, रंगरेज से रेणुका सिंह तथा राजित चड्ढा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम के सफल संचालन में आयोजन टीम के सदस्य अक्षिता जैन, रोहन शर्मा, मिशिता बत्रा और रवनीत कौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके समर्पण और उत्कृष्ट समन्वय ने इस आयोजन को भव्य सफलता दिलाई।

इस उपलब्धि पर बोलते हुए रोहन शर्मा ने कहा कि भारत मंडपम में 3,000 लोगों के साथ कीर्तिमान बनाना उनके लिए गर्व और भावनात्मक क्षण है।

उन्होंने कहा कि संगीत लोगों के दिलों को जोड़ने और यादगार पल बनाने की अद्भुत शक्ति रखता है। वहीं अक्षिता जैन ने कहा कि हजारों लोगों को इतनी ऊर्जा और उत्साह के साथ एक साथ जुड़ते देखना बेहद प्रेरणादायक था। मिशिता बत्रा ने इसे केवल एक संगीत संध्या नहीं बल्कि लोगों को खुशी और यादों से जोड़ने वाला अनुभव बताया।

रवनीत कौर ने कहा कि दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया ने आयोजन टीम की मेहनत को सफल बना दिया।

इस आयोजन की सफलता प्रतिष्ठित प्रायोजकों और सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से संभव हो सकी। प्रमुख सहयोगियों में फॉक्स हॉग (मुख्य प्रायोजक), एशियन एकेडमी ऑफ



फिल्म एंड टेलीविजन (सह-प्रायोजक), कैलाश सिल्वर लीव्स (स्वर्ण सहयोगी), रेडियो सहयोगी बिग एफएम, प्रचार सहयोगी सफायर मीडिया, स्वास्थ्य सहयोगी यशोदा मेडिसिटी तथा अन्य संस्थाएं शामिल रहीं।

दर्शकों की भारी उपस्थिति और अभूतपूर्व उत्साह ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि भारत मंडपम बड़े स्तर के सांस्कृतिक और मनोरंजन कार्यक्रमों के लिए देश के सर्वोत्तम स्थलों में से एक है।

यह शाम एक ऐतिहासिक उत्सव के रूप में याद रखी जाएगी, जहाँ संगीत, एकता और उल्लास ने मिलकर इतिहास रच दिया।

# श्रीराम रिंग्स एंड पिस्टन में देखा गया लखनऊ में आयोजित 'श्रमवीर गौरव समारोह 2026' का लाईव प्रसारण

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया 'डिजिटल लेबर चौक ऐप' का शुभारंभ, नया वेतन बोर्ड पर भी हुई चर्चा

टीबीसी संवाददाता





**गाजियाबाद।** 1 मई 2026 को 'अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस' के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'श्रमवीर गौरव समारोह 2026' में शिरकत की। इसी क्रम में जनपद गाजियाबाद के मेरठ रोड औद्योगिक क्षेत्र में श्रीराम रिंग्स एंड पिस्टन में रविंद्र कुमार माँदड जिलाधिकारी, अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी, अनुराग मिश्र उपश्रमायुक्त, रजनीश जुल्का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीराम पिस्टन, संजय मिश्रा एचआर हेड और कमल कुमार उपस्थित रहे। लगभग 500 कर्मचारियों/ श्रमिकों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की गई।

### स्वास्थ्य और सुरक्षा

***आयुष्मान योजना का विस्तार:*** मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश के शेष 15.83 लाख निर्माण श्रमिकों को भी आयुष्मान कार्ड के दायरे में लाया जाएगा। अब तक 12.26 लाख श्रमिकों को यह लाभ मिल चुका है।

***ईएसआईसी अस्पताल:*** ग्रेटर नोएडा (नॉलेज पार्क) में 7 एकड़ भूमि पर 300 बेड का नया ईएसआईसी अस्पताल और गोरखपुर में 5 एकड़ पर अस्पताल बनाने की आधारशिला रखी गई। साथ ही प्रदेश के 34 अन्य जिलों में भी नए ईएसआईसी अस्पताल प्रस्तावित हैं।

### बुनियादी सुविधाएं

***श्रमिक हॉस्टल और डोरमेट्री:*** नोएडा और ग्रेटर नोएडा जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए हॉस्टल और रहने के लिए डोरमेट्री की व्यवस्था की जाएगी। सस्ती कैंटीनः श्रमिकों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए 'सस्ती कैंटीन' शुरू करने का निर्देश दिया गया है। डिजिटल लेबर चौक ऐपः श्रमिकों को आसानी से काम दिलाने और उनकी पहचान को डिजिटल बनाने के लिए 'डिजिटल लेबर चौक' ऐप का शुभारंभ किया गया।

**● श्रमिकों के भुगतान में टालमटोल या कटौती करने वालों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करेगी : सीएम**

### शिक्षा और भविष्य

***टैबलेट वितरण:*** श्रमिक परिवारों के मेधावी बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए टैबलेट वितरित किए गए। अटल आवासीय विद्यालयः कार्यक्रम में अटल आवासीय योजना के तहत मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया।

***श्रमिक केंद्र:*** बलरामपुर, झांसी और गोंडा में नए श्रमिक केंद्रों की स्थापना। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों को 'नया भारत के वास्तुकार' और प्रदेश की विकास यात्रा की 'मौन शक्ति' बताते हुए उनके सम्मान और स्वावलंबन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

***नया वेतन बोर्ड:*** प्रदेश में एक नए वेतन बोर्ड के गठन की योजना पर भी चर्चा की गई।

***वेतन भुगतान पर सख्ती:*** मुख्यमंत्री ने स्पष्ट चेतावनी दी कि श्रमिकों से काम लेकर उनके भुगतान में टालमटोल या कटौती करने वालों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

# रहम फाउंडेशन ने 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से विश्व श्रम दिवस पर 5,500 सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण











**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**नोएडा।** विश्व श्रम दिवस के अवसर पर महिलाओं के स्वास्थ्य और मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में, सीएमओ ऑफिस, टीबी विभाग नोएडा तथा रहम फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गौतमबुद्धनगर सांसद महेश शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं के बीच 5,500 सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाव करना और उन्हें सुरक्षित स्वच्छता संसाधन उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में कई प्रमुख चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इनमें डॉ. अजय राणा (सीएमएस, नोएडा), डॉ. आर. पी. सिंह (जिला क्षय रोग अधिकारी, नोएडा), डॉ. सुहेल (एमडी, टीबी विभाग), डॉ. धीरज के. भार्गव (संस्थापक एवं चेयरमैन, रहम फाउंडेशन) तथा विक्रम सिंह (प्रतिनिधि, रहम फाउंडेशन) प्रमुख रूप से शामिल रहे।

कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला अस्पताल नोएडा के चिकित्सा कर्मियों और स्टाफ का विशेष सहयोग रहा, जिसके कारण सेनेटरी पैड वितरण का कार्य सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता और जागरूकता को बढ़ावा देने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। रहम फाउंडेशन और रोटरी क्लब्स की यह पहल समाज में जनस्वास्थ्य सुधार, जागरूकता फैलाने और जरूरतमंद महिलाओं तक आवश्यक स्वास्थ्य संसाधन पहुंचाने की उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# भारत मंडपम के ऐतिहासिक कार्यक्रम में डॉ. धीरज कुमार भार्गव और प्रतीक भार्गव हुए सम्मानित

**मनीषा भार्गव**




**नई दिल्ली।** राजधानी के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में आयोजित भव्य संगीत कार्यक्रम के दौरान एक ऐतिहासिक क्षण तब बना जब 3,000 से अधिक लोगों ने एक साथ संगीत जाम कर रिकॉर्ड बनाया। इस यादगार आयोजन में संगीत, उत्सव और सांस्कृतिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवा और आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए डॉ. धीरज कुमार भार्गव और प्रतीक भार्गव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आयोजकों और अतिथियों ने मंच से उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग और सक्रिय सहभागिता ने इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डॉ. धीरज कुमार भार्गव लंबे समय से सामाजिक कार्यों और जनजागरूकता अभियानों से जुड़े रहे हैं, जबकि प्रतीक भार्गव भी विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। कार्यक्रम में उनके सम्मान को उपस्थित लोगों ने जोरदार तालियों के साथ सराहा।

इस भव्य आयोजन का संचालन ब्रांड स्पॉटिफाई बाय रोहन शर्मा द्वारा किया गया, जिसने दिल्ली के लाइव मनोरंजन जगत में एक नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम के दौरान इंडिया म्यूजिक कलेक्टिव की मनमोहक प्रस्तुतियों पर हजारों दर्शक एक साथ गाते और झूमते नजर आए, जिससे पूरा माहौल उत्साह और उमंग से भर गया।

इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेता राहुल राय, संदीप मारवा, दिल्ली भाजपा की डिप्टी मेयर प्रत्याशी मनीका पंत, तरूण पौद्दार, फैशन इंफ्लुएंसर संजय मित्तल, रेणुका सिंह और राजित चड्ढा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अक्षिता जैन, रोहन शर्मा, मिशिता बत्रा और रवनीत कौर की आयोजन टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दर्शकों की भारी संख्या और उत्साह ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत मंडपम बड़े स्तर के सांस्कृतिक और मनोरंजन आयोजनों के लिए देश के सबसे प्रमुख स्थलों में से एक है।

यह आयोजन न केवल संगीत और उत्सव का प्रतीक बना, बल्कि समाजसेवा में योगदान देने वाले व्यक्तियों के सम्मान का भी एक यादगार अवसर साबित हुआ।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691/UPBIL03709, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 9810522380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.